## राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ 2 (ग) (एसीपी)/अलेसे–I/ 9638-39 दिनांक :– 16-10-2015

**आदेश सं. ......115. /2015–16**

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.11 (7) एफडी/रूल्स/2008 दिनांक 12.09.2008 एवं दिनांक 06.10.2008 के अनुसरण में श्री महेश चन्द अग्रवाल लेखाधिकारी (तत्कालीन सहायक लेखाधिकारी) जिनकी जन्मतिथि 30.06.1955 है एव जिन्होनें लेखाकार के पद पर (सीधी भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर) दिनांक 18.04.1978 को कार्यग्रहण किया था तथा राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा में 27 वर्ष एवं अधिक की राजकीय सेवा निरन्तर एवं संतोषजनक रूप से पूर्ण कर ली है को नवीन वेतनमान 2008 लागू होने के कारण एसीपी देय हुई है। श्री अग्रवाल को दिनांक 01.01.2006 से लेखाकार पद का तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी.) पे–बैण्ड 15600–39100 एवं ग्रेड–पे रूपये 6000 स्वीकृत की जाती है। उक्त आदेश प्रकरण संख्या 25/94(नया 732/2002) में माननीय न्यायालय विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, जयपुर के निर्णय दिनांक 17.02.1999 के विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में दायर अपील के निर्णयाधीन स्वीकृत की जाती है।

श्री महेश चन्द अग्रवाल लेखाधिकारी (तत्कालीन सहायक लेखाधिकारी) को वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प.14(88) वित्त/नियम/2008 दिनांक 31.12.2009 में दी गई शर्तों के सम्बन्ध में संतोषजनक सेवा सम्बन्धी प्रमाण–पत्र तथा संतान संबंधी घोषणा प्राप्ति के आधार पर तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी.) स्वीकृत की जाती है।

श्री महेश चन्द अग्रवाल लेखाधिकारी (तत्कालीन सहायक लेखाधिकारी) का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा संख्या 19 के अनुसार सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। इस स्वीकृती एवं वेतन निर्धारण की प्रविष्टियां आवश्यक रुप से श्री अग्रवाल की सेवा पुस्तिका में की जावेगी। वेतन निर्धारण से पूर्व सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह भी सुनिश्चित कर लिया जावे की श्री अग्रवाल राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) 2008 पे–ग्रेड 5400 में वेतन प्राप्त कर रहे हैं।

(भास्कर शर्मा)
निदेशक

क्रमांक :– एफ 2 (ग) (एसीपी)/अलेसे–I/ 9638-39 दिनांक :– 16-10-2015

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर ।
2. श्री महेश चन्द अग्रवाल (सेवानिवृत लेखाधिकारी), कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर ।
3. वरिष्ठ निजी सहायक निदेशक महोदय।
4. उपनिदेशक (एसीपी) वेब साइट पर प्रकाशन हेतु।
5. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

( के.एम्.[illegible])
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)